**राजस्थान सरकार**

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

**क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा**

**दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com**

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

**निविदा मूल्य : रू. 200/-**

**Form No. ________**

# निविदा प्रपत्र

विज्ञान उद्यान परिसर झालरापाटन,(झालावाड) में बागवानी, सफाई कार्य, संचालन, गतिविधि प्रदर्शन एवं तकनीकी रख–रखाव कार्य हेतु।

## महत्वपूर्ण दिनांक एवं प्रसंग

| | |
|---|---|
| 1. निविदा संख्या | **38/2025-26** |
| 2. निविदा उपलब्ध होने का दिनांक एवं समय | 09-03-2026 |
| 3. अनुमानित लागत | रुपये 9,95,000 / – |
| 4. निविदा शुल्क | रुपये 200 / – |
| 5. धरोहर राशि | रुपये 19,900 / – जर्ये बैकर्स चैक / डी.डी.संख्या ............. दिनांक ................................ बैंक का नाम 'पक्ष में सहायक निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा' |
| 6. बोलीदाता का पूरा नाम एवं पता मय मोबाईल नं. (प्रमाणिकरण हेतु फर्म / संस्था का लेटर पेड साथ में संलग्न करे) | |
| 7. निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय, स्थान | दिनांक 09.03.2026 से 24.03.2026 सायः 05:00 बजे तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा |
| 8. निविदा पूर्व बैठक की तिथि व समय (स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु) | दिनांक 18.03.2026 दोपहर 01:00 बजे से 03:00 बजे तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा |
| 9. निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि एवं समय ,स्थान | दिनांक 24.03.2026 सायः 05:00 बजे तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा |
| 10. तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि एंव स्थान | **दिनांक 25.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,क्षेत्रीय कार्यालय,कोटा |
| 11. निविदा फार्म सामने अंकित वैब साईट से भी डाउनलोड की जा सकती है। | http://dst.rajasthan.gov.in/content/dst-gov/en/home.html https://sppp.rajasthan.gov.in/ |
| 12. निविदा की वैद्यता अवधि | **90 days from the date of opening of Bid** |
| 13. कार्य पूर्ण करने की अवधि | एक वर्ष (कार्यादेश जारी होने की तिथि से ) |
| 14. हम कार्यालय द्वारा जारी की गयी बोली सूचना संख्या **38/2025-26** दिनांक 09.03.2026 में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न शीट में दी गयी उक्त बोली सूचना की अतिरिक्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते हैं। (इनके सभी पृष्ठो पर उनमे उल्लेखित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिये है। ) | |
| 15. प्लेसमेन्ट एजेंसी / पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से हायर करने हेतु आपुर्ति की दरे निर्धारित सूची में अंकित कर दी गयी हैं। | |
| 16. निर्धारित सूची में दी गयी दरे 1 वर्ष तक लिए विधि मान्य हैं। इस अवधि को पास्परिक सहमति के आधार पर इन्हीं दरों एवं शर्तो पर राजस्थान लोक उपापन के पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 73 के अन्तर्गत अधिकतम 6 माह या जो भी पहले हो तक बढाया जा सकेगा। | |
| 17. निविदा की तकनीकी बिड से सम्बन्धित दस्तावेज लिफाफा नं0 1 में देने होंगे, उसके ऊपर लिफाफा नं0 1 तथा तकनीकी बिड एंव निविदा संख्या व कार्य के नाम का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। | |
| 18. निविदा की वित्तीय बिड से सम्बन्धित दस्तावेज लिफाफा नं0 2 में देने होंगे, उसके ऊपर लिफाफा नं0 2 तथा | |

| | |
|---|---|
| | वित्तीय बिड एंव निविदा संख्या व कार्य के नाम का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। |
| 19. | तकनीकी बिड मे बिड सिक्योरिटी तथा तकनीकी बिड के दस्तावेजों एवं वित्तीय बिड की हार्ड कॉपी दिनांक 24.03.2026 सायः 05:00 बजे तक कार्यालय मे प्रस्तुत करनी होगी। |
| 20. | निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा। |
| 21. | किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र कोटा होगा। |
| 22. | बोली की प्रस्तावित दर वित्तीय बोली प्रपत्र में अलग लिफाफे में दी जानी है। |
| 23. | मेरे द्वारा सभी शर्तो का ध्यान पूर्वक अवलोकन कर लिया गया है सभी शर्ते मान्य होने के कारण मेरे द्वारा बोली के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर दिये गये है। |

**सहायक निदेशक** **बोली दाता के हस्ताक्षर मय मोहर**

**Place of Depositing the Bid:**
**Office of Department of Scinece & Technology DCM Road Kota ,Near RTO.**

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ,क्षैत्रीय कार्यालय कोटा, डीसीएम, रोड पुराने आरटीओ के पास, कोटा)

| | |
|---|---|
| **Name of the Company / Firm:** | |
| **Name of Contact Person** | |
| **Address of Company / Firm for Correspondence:** | |
| **Office Telephone No.:** | |
| **Office Fax No.** | |
| **Office E-Mail Address:** | |

**जहॉ कार्य सम्पादित किया जाना है, का पता :– विज्ञान उद्यान परिसर झालरापाटन, (झालावाड) ।**

राजस्थान सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा
दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

# विषय –सूची



| क्र.स. | अध्याय |
|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रण |
| 2. | निविदा सूचना |
| 3. | कार्य विवरण |
| 4. | पात्रता के मानदंड (Eligibility Criteria) |
| 5. | बयाना राशि (Earnest Money Deposit) |
| 6. | निविदा की विधि |
| 7. | अपात्रता |
| 8. | निविदा का मूल्याकंन |
| 9. | प्रतिभूति राशि एवं निर्णित हर्जाना<br>(Security Deposit and Liquidated Damages) |
| 10. | सामान्य नियम ,शर्ते एवं भुगतान |
| 11. | तकनीकी निविदा प्रपत्र (Teachnical Bid Form) |
| 12. | वित्तीय बिड फार्म |
| अनुलग्नक Annexure :- | |
| A | **Compliance with the Code of Integrity and No Conflict of Interest** |
| B | **Declaration by the Bidder regarding Qualifications** |
| C | **Grievance Redressal during Procurement Process** |
| D | **Additional Conditions of Contract** |
| E | **शपथ पत्र** ( रू. 100 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर) |
| F | **सेवाओं का अनुभव** |

राजस्थान सरकार

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा

दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

## तकनीकी बोली में लगाये जाने वाले प्रपत्र/दस्तावेजों का विवरण

| क.सं. | विवरण | | | पृष्ठ संख्या अनिवार्य रूप से अंकित कर इसी क्रमानुसार प्रपत्र संलग्न करें। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बिड प्रपत्र शुल्क रू 200/–<br>डी.डी./ बैंकर्स चेक | | | |
| 2 | बिड प्रतिभूति राशि रू 19,900/–<br>डी.डी./ बैंकर्स चेक | | | |
| 3 | PAN No. की सत्यापित प्रति | | | |
| 4 | श्रम विभाग राजस्थान के पंजीकरण प्रपत्र की सत्यापित प्रति<br>**( 01 जनवरी 2022 से पूर्व का पंजीयन )** | | | |
| 5 | PF पंजीकरण प्रपत्र की सत्यापित प्रति | | | |
| 6 | ESI पंजीकरण प्रपत्र की सत्यापित प्रति | | | |
| 7 | GST पंजीकरण प्रपत्र की सत्यापित प्रति | | | |
| 8 | अंकित तीन वर्षो की सी.ए. द्वारा प्रमाणित बैलेन्स शीट की सत्यापित प्रति<br>**(टर्नओवर अंकित करें)** | वित्तीय वर्ष | **टर्न ओवर (रू. में) अंकित करें** | |
| | | 2022-23 | | |
| | | 2023-24 | | |
| | | 2024-25 | | |
| 9 | संस्था का गत तीन वर्षों का औसत टर्न ओवर 30 लाख रूपयें से अधिक वर्ष ( 2022–23, 2023–24, 2024–25 ) सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाण पत्र | | | |
| 10 | Annexure A to D | | | |
| 11 | संस्था का भारत सरकार/राजस्थान सरकार के किसी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्टेड नही किये जाने का रुपये **100/– का नॉन ज्यूडिशियल स्टॅाम्प पेपर पर शपथ पत्र** (Annexure E) | | | |
| 12 | प्लेसमेन्ट एजेन्सी के रूप में राजकीय विभाग/राजकीय उपक्रम में कार्मिक उपलब्ध कराने का अनुभव प्रमाण–पत्र या कार्यादेश की प्रति (संबंधित विभागों द्वारा जारी) (Annexure F) | | | |

इस प्रपत्र को एक लिफाफे में, प्रपत्र तकनीकी निविदा में वर्णित स्वप्रमाणित समस्त प्रमाण पत्र मय साक्ष्य, अनुबंध की शर्तें, मय हस्ताक्षर कर, अमानत राशि एवं निविदा मूल्य का ड्राफ्ट डालकर तकनीकी बोली अंकित कर तथा लिफाफे पर निविदादाता का नाम एवं पता मय मोबाईल नं. अंकित कर प्रस्तुत करें।

**हस्ताक्षर बोलीदाता**

राजस्थान सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा
दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

# अध्याय–1
# निविदा आमंत्रण

1. राजस्थान सरकार के सहायक निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा योग्य फर्मों से **विज्ञान उद्यान परिसर झालरापाटन, (झालावाड) में बागवानी ,सफाई कार्य, संचालन, गतिविधि प्रदर्शन एवं तकनीकी रख–रखाव कार्य की सेवायें उपलब्ध** करवाने हेतु निविदाएं आमंत्रित करता है।

2. निविदा Procurment राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम–2012 एवं नियम–2013 के नियमों एवं अधिनियमों के तहत की जावेगी।

3. निविदा विहित निविदा प्रपत्र में प्रस्तुत करनी होगी। निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन राज्य सरकार के नियमों के अनुसार समाचार पत्रों में जारी करने के साथ–साथ राजस्थान सरकार के राज्य लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.rajasthan.gov.in/) एवं विभागीय वैबसाइट (http://dst.rajasthan.gov.in/content/dst-gov/en/home.html पर प्रकाशित कर दी है।

4. निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में कार्यालयाध्यक्ष के अनुभाग में उपलब्ध होने के साथ साथ उक्त वैबसाइट पर भी उपलब्ध है जो कि इच्छुक फर्मों द्वारा डाउनलोड की जा सकती है।

5. निविदादाता से अपेक्षित है कि वह निविदा जमा करवाने से पूर्व सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र का भली–भांति अध्ययन कर ले तथा **विज्ञान उद्यान परिसर झालरापाटन, (झालावाड)** का निरीक्षण कर लें। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण हेतु निविदा सूचना में अंकित दिनांक तक कार्यालय समय में कार्यालयाध्यक्ष से कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। तथापि विभाग किसी प्रकार के लिखित स्पष्टीकरण हेतु बाध्य नहीं है।

6. निविदादाता, पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा मय समस्त वांछित प्रपत्रों/संलग्नकों के, निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय में, निविदा सूचना में अंकित स्थान पर क्रय अधिकारी के पास जमा करवाना सुनिश्चित करवायेगा। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. निविदादाता द्वारा निविदा के साथ अथवा उससे पूर्व निविदा शुल्क एवं बयाना राशि विहित रूप में जमा करानी अनिवार्य है – जिसके बिना निविदा निरस्त समझी जायेगी। तथापि, यदि निविदादाता किसी प्रकार की नियमानुसार छूट चाहता है तो उसे निविदा मे उसका उल्लेख करते हुए, सम्बन्धित प्रपत्रों की स्व–सत्यापित प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए – अन्यथा उक्त निविदा को छूट के योग्य नहीं समझा जायेगा। (निविदा शुल्क एवं बयाना राशि के डी.डी./बैकर्स चैक अलग–अलग प्रस्तुत करे एवं चैक/डी.डी. के पृष्ठ भाग पर पेन्सिल से अपनी फर्म का नाम एवं कार्य का नाम, निविदा संख्या अंकित करें)

8. विभाग द्वारा समय पर प्राप्त निविदाओं को, निविदा सूचना में दर्शाये गए समय एवं दिनांक को क्रय समिति तथा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सर्वप्रथम तकनीकी निविदाएं खोली जायेंगी तथा तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदायें सम्बन्धित फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी जिसका दिनांक, समय व स्थान निविदादाताओं को सूचित कर दिया जाएगा।

9. निविदादाता द्वारा निविदा निर्धारित प्रारूप में मय अनुलग्नकों के तथा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर व मोहर लगाकर प्रस्तुत करना होगा।

10. विभाग को किसी भी निविदा को, पूर्ण अथवा भाग को, स्वीकार अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। अस्वीकृत/निरस्त निविदाओं के निविदादाताओं से कोई विचार–विमर्श नही किया जायेगा।

11. निविदा प्रपत्र में बतायी गयी शर्तों के अतिरिक्त निविदा दाता की कोई भी अन्य शर्त स्वीकार नही की जायेगी।

12. निविदादाता को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार निविदा प्रपत्र आदि उचित रूप से मुहरबंद लिफाफे में बंद करना चाहिये।

13. निविदा प्रपत्र स्याही से भरे जायेंगे। निविदादाता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेगा तथा अंत में निविदा की समस्त शर्तो को स्वीकार करने के प्रमाण में हस्ताक्षर करेगा।

14. निविदाऐं उनके खोले जाने की दिनांक से तीन माह की अवधि के लिये विधि मान्य होगी।

15. यदि इन शर्तो के किसी भाग, निविदा के स्पेसिफिकेशन के आशय के बारे में कोई शंका हो तो वह संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व उसे विभाग के सक्षम अधिकारी से उसका स्पष्टीकरण दिनांक 18.03.2026 को नियत समय में प्राप्त करना होगा।

16. निविदा के साथ निर्धारित बयाना राशि प्रस्तुत की जायेगी। इसके बिना निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। सफल निविदादाता को आदेश प्राप्त होने के 15 दिवस की अवधि के भीतर रु. 500/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा और कार्यादेश की राशि के 5 प्रतिशत के बराबर प्रतिभूति राशि जमा करानी होगीं

17. विभाग किसी भी निविदा को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की बोली नहीं है, स्वीकार करने, बिना कोई कारण बतलाये किसी भी निविदा को रद्द करने या निविदा स्वीकार करने का अधिकार अपने पास आरक्षित रखेगा।

18. क्षेत्रीय विज्ञान उद्यान परिसर झालरापाटन, (झालावाड) परिसर स्थित निविदत्त कार्य को निविदादाता भलीभांति देख लेवे एवं कार्य की प्रगति को ठीक तरह से समझ कर ही निविदा भरें।

19. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 83 से 85 के क्रम में प्रथम अपील अधिकारी आयुक्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग जयपुर एवं द्वितीय अपील अधिकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुर होगा।

20. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद होने पर कानूनी कार्यवाही हेतु न्याय क्षेत्र कोटा स्थित न्यायालय होगा।

**सहायक निदेशक**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय कोटा

राजस्थान सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा
दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

# अध्याय–2

## निविदा सूचना

**विज्ञान उद्यान परिसर झालरापाटन, (झालावाड) में बागवानी ,सफाई कार्य, संचालन, गतिविधि प्रदर्शन एवं तकनीकी रख–रखाव कार्य हेतु सेवाये उपलब्ध करवाने** का एक वर्षीय अनुबन्ध करने हेतु, तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएं (द्विस्तरीय निविदा सिस्टम) अलग–अलग मोहर बन्द लिफाफों में आमंत्रित करता है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:–

| कार्य | **विज्ञान उद्यान परिसर झालरापाटन, (झालावाड) में बागवानी ,सफाई कार्य, संचालन, गतिविधि प्रदर्शन एवं तकनीकी रख–रखाव कार्य हेतु** |
|---|---|
| निविदा शुल्क | **200/–** |
| अनुमानित लागत | 9.95 लाख |
| बयाना राशि | Rs. 19900/- |
| निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय ,स्थान | दिनांक 09.03.2026 से 24.03.2026 सायः 05:00 बजे तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षैत्रीय कार्यालय, कोटा |
| निविदा पूर्व बैठक की तिथि व समय (स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु) | दिनांक 18.03.2026 दोपहर 01:00 बजे से सायः 03:00 बजे तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षैत्रीय कार्यालय, कोटा |
| निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि व समय ,स्थान | दिनांक 24.03.2026 सायः 05:00 बजे तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षैत्रीय कार्यालय, कोटा |
| तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि व समय व स्थान | **दिनांक 25.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,क्षैत्रीय कार्यालय,कोटा |
| निविदा प्रपत्र सामने दर्शायी वैबसाईट से भी डाउनलोड की जा सकती है | http://dst.rajasthan.gov.in/content/dst-gov/en/home.html<br>http://sppp.rajasthan.gov.in/ |

निविदा प्रपत्र ,सहायक निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षैत्रीय कार्यालय, कोटा से/वर्णित वेबसाइट से प्राप्त कर उपरोक्त अंकित, अंतिम दिनांक तक सायः 03:00 बजे तक जमा करवाई जा सकती है।

**सहायक निदेशक**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय कोटा

राजस्थान सरकार
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा
दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

# अध्याय 3
# कार्य विवरण

**विभाग द्वारा अभीष्ठ कार्य के विवरण निम्नानुसार है :**

विज्ञान उद्यान परिसर झालरापाटन, (झालावाड) में अनुबन्ध पर बागवानी, सफाई कार्य ,संचालन, गतिविधि प्रदर्शन एंव तकनीकी रखरखाव कार्य हेतु अकुशल/अद्धकुशल/कुशल कार्मिक उपलब्ध कराना।

**कार्य का नाम :– विज्ञान उद्यान परिसर झालरापाटन, झालावाड का बागवानी ,सफाई कार्य संचालन गतिविधि प्रदर्शन एवं तकनीकि रखरखाव कार्य हेतु** एक वर्ष की अवधि हेतु **निम्नानुसार किया जाना है : विज्ञान उद्यान परिसर झालरापाटन, झालावाड का बागवानी ,सफाई कार्य संचालन गतिविधि प्रदर्शन एवं तकनीकि रखरखाव कार्य हेतु** अनुबन्ध समाप्ति पर पूर्व की दरों एवं ठेके/अनुबन्ध की शर्तो पर पारस्परिक सहमति से **छ माह** के लिये और बढाया जा सकता है|

## कार्य का विस्तृत विवरण

### बागवानी सेवायें

| क्र.सं. | विवरण | कार्य बिन्दु मात्रा | कार्य घण्टे |
|---|---|---|---|
| 1 | हेड गार्डनिंग कार्य (हेड गार्डनर) (बागवानी का कार्य का निरीक्षण/कार्य योजना बनाना व उसको लागू करवाना। बागवानी कर्मियों से कार्य करवाना। (कुशल) | 1 | 8 घण्टे |
| 2 | विज्ञान पार्क झालरापाटन के सम्पूर्ण गार्डन में स्थित समस्त गैलेरी, समस्त पौधों में रखे गये गमलों की सम्पूर्ण देखभाल, विज्ञान पार्क परिसर के सम्पूर्ण गार्डन का संधारण कार्य, साफ–सफाई, गुड़ाई, निराई, नवीन पेड़ पौधे लगाने का कार्य आदि समस्त बागवानी संबंधित कार्य। जिसमें नये पेड़–पौधे लगाना भी शामिल है। (अर्ध–कुशल) | 3 (ऐसे कार्मिक जिन्हें गार्डन में कार्य करने का 2 वर्ष का अनुभव हो) | 8 घण्टे |

**नोट :– कार्य बिन्दु आवश्यकतानुसार कम या अधिक किये जा सकते है।**

**नोट :– निम्न कार्य का सम्पादन करना होगा :–**

1. विज्ञान पार्क में सभी गमलों में पानी देना व निराई – गुडाई करना।
2. सम्पूर्ण लॉन में पानी देना, समय –समय मशीन से कटिंग करना, रख –रखाव व पेडों को पानी देना व पेड़ों की भी समय समय पर कटाई–छटाई, गुड़ाई करना।
3. विज्ञान पार्क में सर्दी एवं गर्मी के दिनो की सीजनल फुलवारी/ सब्जी/फल आदि लगाना।
4. पार्क में औषधीय पौध एवं नई गुलाब की क्यारियों का निर्माण एवं नया लॉन लगाना।
5. बागवानी से सम्बधित समस्त कार्य मजदूरों एवं एग्रीकल्चर हैल्पर के साथ ,पूरे वर्ष सम्पादित करना।
6. बोरबेल पम्प व पाइप लाईन से सम्बंधित वाल्ब ऑपरेट करना।
7. पार्क में एक इलेक्ट्रिक लॉन मूवर मशीन है जो निविदादाता के मांगे जाने पर उपलब्ध करवाई जा सकेगी परन्तु इसका संपूर्ण रख–रखाव व रिपेयर (पार्ट्स, बैल्ट, मोटर रिवाईन्डिंग बिजली केबल) का व्यय निविदादाता को वहन करना होगा जिनकी दरें वित्तीय बिड़ में प्रस्तुत करनी होगी। विभाग के सभी उपकरण एवं मशीनरी संविदा समाप्त होने पर सही हालत में वापस करने होंगे।
8. पार्क के लिये निम्नलिखित आवश्यक उपकरण निविदादाता के ही अपनी कर्मचारियों को उपलब्ध करवाने होंगे।

- फावड़ा, खुरपी, दांतली, कुल्हाडी, पानी का झारा, हेज कटर, रोजकटर, परात, मशीन की केबल आदि,
- इनके अतिरिक्त अन्य कोई भी उपकरण, टूल्स, मशीनरी, जो भी बागवानी कार्य के लिये आवश्यक हो,

9. प्रस्तावित कार्य निम्न विवरण के अनुसार प्रतिदिन करना होगा :–
   I. लॉन एवं पौधों–गमलों को पानी देना
   II. एकल व ग्रुप में लगे पौधों को पानी देना
   III. गमलों की सम्पूर्ण देखभाल, स्थान बदलना
   IV. लॉन की कटिंग का कार्य
   V. खरपतवार निकाल कर गुड़ाई करना
   VI. क्यारी खोद कर पौधे बोना
   VII. लॉन क्षेत्र से कंकर पत्थर निकालकर दंताली करना
   VIII. गड्ढे खोद कर पौधे लगाना
   IX. हेज व टोपरी कटिंग करना
   X. नर्सरी की देखभाल करना
   XI. लॉन/क्यारी/उद्यान से पत्ते/दर्शकों द्वारा फेंका गया कचरा/पेड़ों की कटिंग से उत्पन्न कचरा आदि उठाना
   XII. झरनों, होद आदि में पानी भरने का कार्य
   XIII. पौधों की कटिंग करने के बाद बचे कचरे का निस्तारण करना।
   XIV. इसके अतिरिक्त जो भी आवश्यक कार्य हो, जो बागवानी कार्य से सम्बन्धित हो।
10. विज्ञान पार्क भवन के प्रत्येक कक्ष, हॉल, मुख्य द्वार, निकास द्वार आदि के बाहर एवं अन्दर आवश्यकतानुसार गमले रखने होंगे एवं उनकी प्रतिदिन देखभाल करनी होगी। ठेकेदार/निविदादाता को विशेष आयोजनों/अन्यथा आवश्यकता पड़ने पर विशेष बागवानी का कार्य भी करना होगा। विशेष बागवानी कार्य सामान्य कार्यालय समय/दिवस के अलावा भी करवाया जा सकेगा जिसकी सूचना यथा समय पूर्व में अधिकृत अधिकारी द्वारा ठेकेदार/निविदादाता को दी जावेगी। इस प्रकार की व्यवस्था की पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार/निविदादाता की होगी तथा इसका कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा। गर्मियों के मौसम में अथवा कच्ची फुलवारी में पानी देने के लिये कार्यालय समय के अतिरिक्त रात्रि मेकं भी आवश्यकतानुसार बोरवैल चलाया जा सकता है/बागवानी से सम्बन्धित अन्य कार्य करवाये जा सकते हैं।
11. इसके अतिरिक्त केयर टेकर/अधिकृत अधिकारी द्वारा बताये गये समस्त बागवानी सम्बन्धी कार्यो को पूरा करना होगा।

राजस्थान सरकार
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा
दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

## *सफाई कार्य*

ठेकेदार/निविदादाता द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि **विज्ञान उद्यान** में छत, दीवार, कॉच, तस्वीर व किसी भी वस्तु/मोडल्स इत्यादि पर धूल/निशान/धब्बे/जाले दिखाई नहीं देने चाहिए । इसके लिए निविदा कर्ता को उपयुक्त सफाई सामग्री से सफाई करवानी होगी। ठेकेदार/निविदादाता को प्रतिदिन उचित संख्या में सफाई कर्मी लगाते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि सफाई का कार्य सुबह 9.00 बजे तक (सम्पूर्ण सफाई क्षेत्र), हो ही जावे। सफाई कर्मी निर्धारित वर्दी में एवं अधिकृत पहचान पत्र के साथ ही उपलब्ध रहेंगें।ठेकेदार/निविदादाता द्वारा एक सुपरवाईजर को लगाना होगा जो कि सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था की निगरानी करेगा। इस सुपरवाईजर का नाम व फोन न. विभाग को उपलब्ध कराना – होंगें ताकि आवश्यकता पड़ने पर संपर्क किया जा सके।

ठेकेदार/निविदादाता द्वारा सफाई कार्य आवश्यक उपकरण/मशीनों/संसाधनों द्वारा किया जावेगा। सफाई कार्य के उपयोग में लिये जाने वाले उपकरण/मशीन/संसाधन/ठेकेदार/निविदादाता के स्वयं के होंगे।

नियमित किये जाने वाले सम्भावित सफाई कार्य समयबद्ध रूप से सम्पादित करना होगा – यदि इस हेतु वर्णित सामग्री के अतिरिक्त कोई अतिरिक्त सामग्री भी उपयोग में ली जानी है – तो वह स्वयं ठेकेदार को लाकर देना होगा – जिसका अलग से कोई मूल्य देय नहीं होगा।

विज्ञान पार्क, झालरापाटन के समस्त लॉन, कार्यालय, फर्श, छत, फर्नीचर, नाली, ड्रेन पाईप, दीवारे, तस्वीरे, दरवाजे, पंखे, छत के कोने आदि की प्रतिदिन सफाई करनी आवश्यक होगी। सूखे पत्ते, सूखी घास, पेड़ों की कटिंग का कचरा, दर्शकों द्वारा फेंके गये डिस्पोजल आइटम एवं अन्य गन्दगी या कचरा जो भी लॉन में पड़ा हुआ हो – प्रतिदिन 2 बार साफ करना होगा।

विज्ञान पार्क, झालरापाटन में स्थापित पानी की टंकी की सफाई, पानी निकालकर करना होगा। टंकी में लगी हुई काई हटाकर बिल्चिंग इत्यादि से सफाई कर पुनः धुलाई कर पानी भरना प्रति 3 दिन में एक बार करना आवश्यक होगा।

| **सेवा** | **कार्य बिन्दु** | **ड्यूटी** |
|---|---|---|
| **सफाई कार्य (अकुशल)** | 3 | प्रातः 9:30 बजे से सांय 6:00 |

**संचालन कार्य :–**

ठेकेदार/निविदादाता द्वारा, एक सुपरवाईजर को लगाना होगा, जो कि सम्पूर्ण विज्ञान उद्यान की व्यवस्था की निगरानी करेगा। इस सुपरवाईजर का नाम व फोन न. विभाग को उपलब्ध कराना होंगें – ताकि आवश्यकता पड़ने पर संपर्क किया जा सके। **सुपरवाइजर विज्ञान उद्यान के केयरटेकर के रूप में भी कार्य करेगा। उसके मुख्य कार्य निम्नानुसार हैं:–**

1. उपरोक्त अंकित समस्त कार्यो का सुपरविजन एवं क्रियान्वयन।
2. संचालन उद्यान के निर्धारित समय में करना होगा जो कि दो पारियों में भी हो सकता है।
3. उद्यान के मॉडल्स/तारामण्डल/गैलेरी आदि के बारे में दर्शकों/ विद्यालय समूहों को पूर्ण जानकारी देना गाइड करना एवं समझाने का कार्य।
4. मॉडल्स/ उपकरणों आदि की कार्यशीलता की प्रतिदिन रिपोर्ट मौखिक देना एवं रजिस्टर संधारित करना।
5. सरल वैज्ञानिक प्रयोग करके दिखाना।
6. दर्शकों हेतु अन्य व्यवस्थाओं में प्रतिदिन सहयोग।
7. कार्य करने वाले व्यक्ति का दर्शकों के प्रति अच्छा व्यवहार होना चाहिए एवं निर्धारित यूनिफॉर्म में स्वच्छता के साथ उपस्थित होना होगा।
8. मॉडल/उपकरणों की प्रतिदिन साफ सफाई का कार्य करवाना।
9. मॉडल/उपकरणों की देखभाल करना, ग्रीस/ऑयल लगाना, चैन चढाना, रस्सी लगाना आदि कार्य।

10.संचालन उद्यान के निर्धारित समय जो कि विभाग द्वारा निर्धारित किया जायगा।
11.समस्त दर्शकों के जाने पर, उपकरणो को बन्द करना, कमरों के ताले लगाने का कार्य करना होगा।
12.उपकरणों के खराब होने पर वर्कशाप के कर्मचारियों से ठीक करवाना एंव यदि विज्ञान उद्यान के बाहर से ठीक करवाना है तो सम्बन्धित फर्म से रिपेयर करवाने की कार्यवाही करना।
13.मॉडल्स/ उपकरणों आदि में लगने वाले कन्ज्यूमेबल/ अन्य पार्ट्स सम्बन्धित फर्म द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे । सामान्य रखरखाव सम्बन्धी ऐसी मरम्मतें जो कि विज्ञान उद्यान में उपलब्ध टूल्स/ सामग्री से की जा सकती है, फर्म को करनी होगी। यदि कोई कार्य ऐसा है जो कि बाजार से करवाया जाना है तो इसके लिये विभाग को सूचित करना होगा।
14.मॉडल/ उपकरण /तारामण्डल का संचालन बाहर जाकर भी करना हो सकता है।
15.विभिन्न गतिविधियों का आयोजन।
16.सहायक क्यूरेटर द्वारा दर्शकों को जारी किये गये टिकटों की आकस्मिक जांच करना।
17.सहायक क्यूरेटर द्वारा विक्रय किये गये टिकट बिक्री की राशि का मिलान करना – इस हेतु आवश्यक रजिस्टर संधारित करना एवं पुनः सहायक क्यूरेटर से सम्परीक्षण करवाना।
18.उद्यान के स्टोर का संचालन।
19.गार्ड्स का सुपरविजन।

| सेवा | कार्य बिन्दु | ड्यूटी |
|---|---|---|
| **संचालन कार्य(कुशल कार्मिक)** | 1 | प्रातः 9:30 बजे से सांय 6:00 |
| **टिकिट चैकर(कुशल कार्मिक)** | 1 | प्रातः 9:30 बजे से सांय 6:00 |

**नोट :– संचालन कार्य हेतु शैक्षणिक योग्यताए :–**

**संचालक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से इजीनियरिंग में स्नातक /विज्ञान विषय में स्नातक हो या मान्यता प्राप्त संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक + राजकीय मान्यता प्राप्त कोई भी कम्प्यूटर कोर्स किया हो + संग्राहालय में कार्य करने का कम से कम 1 वर्ष का अनुभव हो ।**

## कार्य से सम्बंधित अन्य शर्ते :

1. पार्क के रखरखाव के लिये आदेश मिलते ही सफल निविदादाता को विभाग से संबंधित अधिकारी से पार्क के रखरखाव व उससे संबंधित उपकरणों का चार्ज संभलना होगा।
2. सफल निविदादाता द्वारा समस्त चल व अचल संपत्ति सही व चालू हालत में रखरखाव के प्रयोजनार्थ राज्य सरकार द्वारा अधिकृत अधिकारी से संभाल कर लेनी होगी – तथा ठेके की अवधि समाप्त होने पर सही व चालू हालत मे वापस संभलवानी होगी।
3. रखरखाव हेतु **मॉडल्स, सैनेटरी व बिजली** रखरखाव से संबंधित सामान एवं कन्ज्यूमेबल्स स्पेयर पार्ट्स, बल्ब, नट बोल्ट, तार, ग्रीस, ऑयल, स्प्रिंग, रस्सी, कपड़ा, कैपेसिटर इत्यादि सफल निविदादाता का होगा। इनका संपूर्ण रखरखाव व रिपेयर (पार्टस, बैल्ट, वेल्डिंग, मोटर रिवाईन्डिंग बिजली केबल आदि) का व्यय भी सफल निविदादाता को वहन करना होगा। आवश्यक उपकरण (जैसे वेल्डिंग मशीन, ड्रिल मशीन, स्पेनर आदि) सफल निविदादाता के होंगे। विभाग के सभी मॉडल्स, उपकरण एवं मशीनरी संविदा समाप्त होने पर सही हालत मे वापस करने होंगे। बैटरी बदलने की स्थिति में बैटरी विभाग द्वारा दी जायेगी।

4. मोडल्स के रखरखाव संबंधी छिटपुट कार्य 24 घंटो में पूर्ण किया जाना होगा । बड़े कार्य प्रभारी अधिकारी की अनुमति से 4 कार्य दिवस में पूर्ण करने होंगे
5. मोटर पंप चलाने हेतु पंप चालक की व्यवस्था स्वयं सफल निविदादाता को करनी होगी। पानी या रखरखाव के संबंध में लापरवाही के कारण लॉन, पेड–पौधों , क्यारियों में लगी फुलवारी या गमलों में लगे पौधों आदि के जल जाने/ नष्ट हो जाने पर सफल निविदादाता को स्वयं को भरपाई करनी होगी या नया लगाना होगा। उद्यान का रखरखाव व भवन इत्यादि की सफाई आदि का कार्य समय पर नियमित रूप से नहीं करने पर रू. 1000/–(एक हजार रूपये) प्रति दिवस की दर से शास्ती आरोपित की जावेगी। सफल निविदादाता द्वारा लगातार पांच दिवस की अवधि तक ऐसा नहीं किये जाने पर विभाग सफल निविदादाता की लागत पर कार्य करवाने के लिये स्वतंत्र होगा। पानी की अनुउपलब्धता की स्थिति में संवेदक को टेंकर लॉरी से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना होगा। जिसके लिए अलग से कोई भुगतान देय नहीं होगा।
6. वाशबेसन, बाथरूम , यूरिनल आदि साफ नहीं होने पर प्रतिबिन्दु/प्रति स्थान 100/– रूपये प्रति दिवस की शास्ति देय होगी।
7. बाहर लॉन में कचरा होने पर 500/– प्रतिदिन की शास्ति होगी – सफाई कार्यो में रही कमियों के लिए शास्ती निधारण का पूर्ण अधिकार सहायक निदे ाक/सहायक क्यूरेटर का होगा।
8. कचरे का निस्तारण, सफल निविदादाता द्वारा अपने स्तर पर नियमानुसार एवं पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया जाएगा। उद्यान में पानी देने वाले पाइप, मशीन आदि कार्य करने के बाद सुरक्षित स्थान पर रखने होंगे। जिससे दर्शको को असुविधा न हो।
9. उद्यान में जब कोई कार्यक्रम होगा उस समय कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व सफाई करनी होगी । कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात् भी सफाई व्यवस्था बनाऐ रखनी होगी।
10. मॉडल्स की सफाई, इन्डोर गैलेरी में शीशे आदि की सफाई प्रतिदिन करनी होगी व इन्डोर गैलरी के गमलों की प्रतिदिन देखभाल (पानी देना आदि) करनी होगी।
11. सफल निविदादाता द्वारा संपूर्ण पार्क व भवनों की समुचित सफाई व्यवस्था झाडू व पौछा लगाकर करनी होगी तथा शौचालयों एवं पेशाबघरों को पानी एवं टायलेट क्लीनर से दिन में दो बार धोना होगा। अगर सफल निविदादाता द्वारा एक दिन भी उक्त प्रकार से सफाई नहीं हुई तो विभाग द्वारा सफल निविदादाता के खर्चे पर सफाई करवा ली जायेगी।
12. कटी हुई घास, झडे हुऐ पत्ते, हेज का कटा हुआ कचरा, खरपतवार एवं सफाई किया हुआ कचरा आदि विभाग का होगा, किन्तु कचरा आदि का निस्तारण की जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी। कचरा आदि का निस्तारण/ उपयोग राज्य सरकार द्वारा निर्देशित तरीके से एक निश्चित स्थान पर करना होगा।
13. उद्यान का रखरखाव हेतु खाद, बीज, एवं अन्य कीटनाशक दवायें, यथा गोबर खाद, वर्मीकम्पोस्ट खाद, दीमक की दवा, फोरेट, पाउडर मिथाइल, मिट्टी, इलेक्ट्रिक लॉन मूवर मशीन, इत्यादि। सफल निविदादाता का उपयोग कराना होगा। इनका संपूर्ण रखरखाव व रिपेयर (पार्टस, बैल्ट, मोटर रिवाईन्डिंग बिजली केबल) का व्यय भी सफल निविदादाता को वहन करना होगा। उद्यान के लिये आवश्यक उपकरण (जैसे फावडा, खुरपी, दांतली, कटर, पराती आदि) सफल निविदादाता के होंगे। विभाग से लिए हुए सभी उपकरण एवं मशीनरी संविदा समाप्त होने पर सही हालत मे वापस करना होंगे ।

14. विज्ञान उद्यान में स्थापित स्प्रिंक्लर सिस्टम, पाईपलाईन का सफल संचालन निविदादाता को स्वयं करना होगा।

15. फर्श की सफाई में झाडू से सफाई एवं पोछा लगाना शामिल है। सफाई कार्यो में फिनाईल ,साबुन के पानी का घोल इत्यादि अन्य सामग्री जो सफाई कार्य में उपयोग आती हो उपयोग में लाना होगा।

16. शौचालयों में फिनाईल की गोलियों का प्रयोग एवं समय समय पर तेजाब अथवा आवश्यक केमिकल्स से सफाई तथा सफाई सम्बन्धी पाउडर का प्रयोग भी करना होगा। समस्त शोचालयों में प्रतिदिन साफ नैपकीन, साबुन, फिनायल की गोलियां निर्धारित स्थान पर हमेशा उपलब्ध होनी चाहिए।

17. विज्ञान उद्यान की गटर लाईन को सप्ताह में एक बार पानी एवं एसिड डालकर साफ करना होगा – तथा इस बात का ध्यान रखा जावे कि गटर लाईन में पानी जमा नहीं होने पावे।

18. विज्ञान उद्यान के समस्त तलों पर सफाई करने के पश्चात् कूडा –कचरें को भवन परिसर के बाहर निर्धारित **स्थान** पर डालने की व्यवस्था करनी होगी। इसके अतिरिक्त दूसरी जगह कूडा–कचरें को डालने की अनुमति नही होगी।

19. विज्ञान उद्यान परिसर स्थित निविदत्त कार्य को निविदादाता देख लेवे एवं कार्य की प्रकृति को समझ लेवे

20. ठेकेदारों /निविदादाताओं को विशेष आयोजनों/अन्यथा आवश्यकता पडने पर विशेष सफाई का कार्य भी करना होगा। विशेष सफाई कार्य सामान्य कार्यालय समय/दिवस के अलावा भी करवाया जा सकेगा। जिसकी सूचना यथासमय पूर्व में अधिकृत अधिकारी द्वारा ठेकेदार/निविदादाता को दी जावेगी। इस प्रकार की सफाई व्यवस्था की पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार/निविदादाता की होगी तथा कोई अतिरिक्त भुगतान नही किया जावेगा।

21. इसके अतिरिक्त केयर टेकर को अधिकृत अधिकारी विज्ञान उद्यान, झालरापाटन द्वारा बताये गये समस्त कार्यो को पूर्ण करना होगा एवं सफाई करने वाले व्यक्ति समय पर उपलब्ध करने होगें।

22. **उक्त समस्त कार्य समय पर दैनिक रूप से पूर्ण करवाने होंगे** *व सम्बंधित कार्मिक कार्यालय समय में* विज्ञान उद्यान *में हमेशा उपलब्ध रखने होंगे* ।

23. उपरोक्त के अतिरिक्त विज्ञान उद्यान प्रभारी के निर्देशानुसार उद्यान में रखरखाव व सफाई से संबंधित समस्त कार्य करने होंगे। विभागीय प्रतिनिधि को कार्य की सम्पूर्ण रिपोर्ट ,लिखित में प्रस्तुत की जानी होगी। साथ ही प्रभारी अधिकारी को मासिक रिर्पोट भी बिल के साथ प्रस्तुत करनी होगी।

**सहायक निदेशक**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा**

**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा**
**दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com**

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

# अध्याय 4
# पात्रता के मानदण्ड (Eligibility Criteria)

निविदा फर्म के निदेशको/प्रोपराइटरों/साझेदारों/मालिक/कम्पनी सचिव के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा भरी जाने की अवस्था में उस व्यक्ति को निविदा भरने हेतु फर्म के निदेशको/प्रोपराइटरों/साझेदारों /मालिक/कम्पनी सचिव के द्वारा अधिकृत किया जाने वाले दस्तावेज की प्रति प्रस्तुत करनी होगी जो फर्म के निदेशक/प्रोपराइटरों/साझेदारों/मालिक/कम्पनी सचिव के द्वारा सत्यापित होनी चाहिये।

**<u>पंजीकरण :–</u>**

1. ठेकेदार/निविदादाता/फर्म किसी भी सक्षम प्राधिकारी (राज्य/केन्द्र) से अधिकृत **/ श्रम विभाग में** पंजीकृत होनी चाहिए। यदि पंजीकरण नही है तो निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जावेगी। **फर्म को निविदा के साथ आवश्यक रूप से उक्त पंजीकरण प्रपत्र की स्वयँ द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करनी चाहिये जिसके अभाव में निविदा निरस्त की जा सकेगी**। फर्म का पंजीयन 01 जनवरी 2022 से पूर्व का होना आवश्यक है।
2. निविदादाता फर्म पी.एफ. विभाग, ई.एस.आई. विभाग एवं GST विभाग में पंजीकृत होनी चाहिए तथा निविदा प्रपत्र के साथ संबंधित पंजीयन प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित प्रति निविदा प्रपत्र में विवरण अंकित करते हुए संलग्न की जानी अनिवार्य है जिसके अभाव में निविदा निरस्त की जा सकेगी।
3. निविदादाताओ को निविदाप्रपत्र के साथ निर्धारित निविदा मूल्य डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैकंर्स चैक के माध्यम से आवश्यक रूप से जमा करवाया जाना है– जिसके बिना निविदा निरस्त समझी जायेगी। तथापि कोई निविदादाता निविदा शर्तो के अनुरूप निविदा मूल्य में छूट पाना चाहता है तो उसे निविदा में इसका उल्लेख करते हुए समस्त आवश्यक प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करने होंगे– जिनके बिना उसे छूट का पात्र नही समझा जायेगा।

   **<u>कार्यानुभव : –</u>** बागवानी, सफाई कार्य, संचालन, गतिविधि विधि प्रदर्शन एवं तकनीकी रख रखाव कार्य करने का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव होना अपेक्षित हैं तथा प्लेसमेन्ट एजेन्सी के रूप में राजकीय संस्थानों में कार्मिक उपलब्ध कराने का अनुभव प्रमाण–पत्र या कार्यादेश की प्रति (संबंधित विभागों द्वारा जारी) संलग्न की जावें।
4. **<u>बयाना राशि</u>** ठेकेदारों/निविदादाताओं को बयाना राशि **(EARNEST MONEY)**, जिसका विवरण बयाना राशि सम्बधिंत अध्याय में दिया गया है , के अनुसार आवश्यक रूप से निविदा जमा करवाने के समय जमा करवानी है। बयाना राशि के अभाव में निविदा निरस्त समझी जायेगी। तथापि कोई निविदादाता निविदा शर्तो के अनुरूप बयाना राशि में छूट पाया जाना चाहता है तो उसे निविदा में इसका उल्लेख करते हुए समस्त आवश्यक प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करने होगे जिनके बिना उसे छूट का पात्र नही समझा जायेगा।
5. निविदादाता द्वारा **(Annexure-E)** में undertaking में प्रदान करना अनिवार्य होगा।

**<u>वित्तीय स्थिति</u>**

6. निविदादाता का गत तीन वित्तीय वर्षो का प्रतिवर्ष टर्नओवर न्यूनतम 30 लाख प्रतिवर्ष होना आवश्यक है। इसके प्रमाण के रूप में बोलीदाता फर्म की गत तीन वित्तीय वर्ष ( 2022–23, 2023–24, 2024–25) की चार्टेड अकाउटेन्ट (सनदी लेखाकार) से प्रमाणित बैलेन्सशीट/ऑडिट रिपोर्ट की प्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करनी होगी।
7. उक्त पात्रता पूरी करने वाले योग्य निविदादाता ही तकनीकी बिड (प्रि–क्वालीफिकेशन) में सफल माने जावेगें तथा उन्हीं की वित्तीय बिड खोली जावेगी। तकनीकी बिड (प्रि–क्वालीफिकेशन) में योग्य नहीं पाये जाने वाले निविदादाताओं की वित्तीय बिड नहीं खोली जावेगी।

**हस्ताक्षर निविदादाता**
(हस्ताक्षर करने वाले का नाम)
फर्म की मुहर

राजस्थान सरकार
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा
दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

# अध्याय 5

# बयाना राशि (Earnest Money Deposit)

**निविदाता द्वारा तकनीकी निविदा के साथ बयान राशि निम्न शर्तो के अंतर्गत जमा करवाया जाना अपेक्षित हैः**

1. ठेकेदारों / निविदादाता द्वारा निविदा में अभिलिखित किए गए अनुमानित मूल्य का दो प्रतिशत बयाना राशि निविदा के साथ जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। बिना बयाना राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. बयाना राशि केवल डिमांड ड्राफ्ट / बैकर्स चैक के रूप में स्वीकार की जाएगी। डिमांड ड्राफ्ट तथा बैकर्स चैक किसी भी शिड्यूल्ड बैंक का सहायक निदेशक , विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा के नाम में देय होगा।
3. असफल निविदादाताओं की बयाना राशि का प्रतिदाय निविदा के अतिंम रूप से स्वीकार होने के बाद किया जा सकेगा।
4. सफल निविदादाता की बयाना राशि प्रतिभूति निक्षेप (Security Deposit) में समायोजित की जाएगी तथा शेष प्रतिभूति राशि, करार के निष्पादन के समय ली जाएगी। यदि सफल निविदादाता द्वारा पृथक से पूर्ण प्रतिभूति राशि जमा करा दी गयी है तो जमा करायी बयाना राशि लौटा दी जावेगी।
5. बयाना राशि का समपहरण (Forfieture of EMD ) :–निम्नलिखित मामलों में बयाना राशि को समपहृत कर लिया जाएगाः–
   I. जब निविदादाता निविदा को खोलने के बाद किन्तु निविदा को स्वीकार किए जाने से पूर्व अपने प्रस्ताव को वापस ले लेता है या उसमें उपान्तरण करता है,
   II. यदि वह विनिर्दिष्ट समय के भीतर करार, यदि कोई हो का निष्पादन नहीं करता है,
   III. जब वह विहित समय के क्रय आदेश के अनुसार मदों का प्रदाय प्रारम्भ करने में असफल रहता है,
   IV. जब निविदादाता क्रय आदेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता है। जमा कराई गई बयाना राशि को समपहृत करने से पूर्व युक्तियुक्त समय देते हुए निविदादाता को नोटिस दिया जाएगा,



**सहायक निदेशक**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,**
**क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा**

राजस्थान सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा
दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

# अध्याय 6
# निविदा की विधि

यह निविदा द्वि– स्तरीय निविदा सिस्टम पर आधारित है जिसमें प्रथम स्तर तकनीकी निविदा है तथा द्वितीय स्तर वित्तीय निविदा है। निविदा की विधि निम्नानुसार है:–

1. निविदा टाइप की हुई अथवा अमिट स्याही से भरी होनी चाहिये।
2. निविदादाता द्वारा निविदा एक मुख्य लिफाफे में प्रस्तुत की जाये – जिसके उपर के भाग में निविदा संख्या ,निविदा का विषय स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिये। इसके साथ ही निविदादाता फर्म का नाम भी स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिये।
3. **मुख्य लिफाफे में तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा दो अलग अलग लिफाफों में रखी जानी चाहिये। जिनके उपर निविदा संख्या व दिनांक , निविदा का विषय एवं निविदादाता फर्म के नाम के साथ क्रमशः तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा रेखांकित करते हुए लिखा होना चाहिये। किसी भी लिफाफे के पृष्ठ भाग पर कुछ भी नही लिखा जाये।**
4. तकनीकी निविदा में निविदा प्रपत्र (भरा हुआ ) निविदा –शर्तो की स्वीकार्यता के रूप में निविदा की प्रति ,समस्त सामान्य एवं तकनीकी जानकारी ,निविदा मुल्य, बयाना राशि, प्रमाण पत्रो एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां इत्यादि रखी जानी चाहिये।
5. निविदा प्रस्तुत किये जाने की आखिरी दिनांक के पश्चात् तीन माह की अवधि तक वैध होनी चाहिये। उक्त अवधि से अल्प वैधता वाली बोली निरस्त योग्य मानी जायेगी।
6. प्रकाशित निविदा में इंगित तकनीकी बोली प्रस्तुत किये जाने के अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त बोलियां विलम्बित बोलियां मानी जायेंगी तथा उनको खोले बिना सम्बन्धित फर्मो को लौटा दिया जायेगा।
7. **वित्तीय निविदा में केवल वित्तीय निविदा प्रपत्र (अध्याय 12 के अनुसार) होना चाहिये।**
8. तकनीकी तथा वित्तीय निविदा का प्रत्येक पृष्ठ निविदादाता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित तथा फर्म की मोहर लगा होना चाहिये। ऐसा कोई भी पृष्ठ जो अहस्ताक्षरित अथवा बिना फर्म की मोहर अथवा दोनों हो, निविदा का भाग नही माना जायेगा तथा उस पर कोई विचार नही किया जायेगा।
9. निविदा एवं संलग्न प्रपत्र हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में होने चाहिये। अन्य भाषा में प्राप्त निविदा अथवा प्रपत्रों/दस्तावेजों को विचार हेतु अयोग्य माना जायेगा।
10. निविदा दाता निविदा प्राप्त करने, भरने विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने तथा स्पष्टीकरण ,यदि कोई हो ,प्रस्तुत करने के दौरान होने वाले समस्त खर्च स्वयं वहन करेगा। इस हेतु विभाग द्वारा कोई भी राषि देय नही होगी।
11. निविदादाता से यह अपेक्षित है कि उसे साइट, निविदा की शर्तो एवं अन्य समस्त स्थानीय कानूनों एवं परिस्थितियों का पूर्ण ज्ञान होना अपेक्षित है। ऐसा न होने पर होने वाले नुकसान और/अथवा अन्य प्रभाव के लिये निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा था विभाग किसी प्रकार के दखल /क्षतिपूर्ति के लिये उत्तरदायी नही होगा।
12. विभाग द्वारा तकनीकी निविदा को क्रय समिति एवं निविदादाता फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष प्रकाशित निविदा में इंगित तकनीकी निविदा खोले जाने के दिनांक एवं समय खोला जायेगा। तकनीकी निविदा का मूल्यांकन विभाग द्वारा अधिकृत क्रय समिति द्वारा किया जायेगा जिसमें ऐसी निविदाएं जो सम्पूर्ण हो तथा अध्याय –5 में वर्णित तकनीकी अर्हताएं पूरी करती हो को तकनीकी रूप से स्वीकृत निविदाएं घोषित किया जायेगा। जो निविदाएं अपूर्ण हों अथवा निर्धारत तकनीकी अर्हताएं पूरी नही करती हो उन्हे अस्वीकृत घोषित कर निरस्त कर दिया जायेगा।

राजस्थान सरकार

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**

क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा

दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com


**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

13. तकनीकी रूप से स्वीकृत निविदाओं की वित्तीय निविदा को क्रय समिति एवं तत्सम्बधिंत निविदादाता फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जोयगा जिस हेतु दिनांक , समय एवं स्थान की सूचना तत्सम्बधिंत निविदादाता फर्मो निविदा में बताये गये पते पर दे दी जायेगी।

14. वित्तीय बिड प्रपत्र अध्याय 12 में अंकित निर्धारित न्यूनतम मजदूरी प्रतिदिन से कम बिडदाता द्वारा प्रस्तुत दरें स्वीकार्य नहीं होगी। वित्तीय बिड की कुल महायोग राशि न्यूनतम वित्तीय बिड के चयन का आधार होगी। न्यूनतम समान दरों वाली एक से अधिक वित्तीय बिड होने की स्थिति में अधिक अनुभव/कार्यादेश (राजकीय विभाग/राजकीय उपक्रम) वाली बिड को वरीयता दी जावेगी।



**सहायक निदेशक**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,**
**क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा**

**राजस्थान सरकार**

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

**क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा**
**दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com**

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

# अध्याय 7
# अपात्रता

**निविदाएं निम्न कारणों से अपात्र घोषित की जा सकती है :**

1. निविदा सूचना में प्रकाशित अंतिम तिथि एंव समय के पश्चात् प्राप्त हुई निविदाएं।
2. बिना निविदा मुल्य एवं बयाना राशि के जमा निविदाएं। यदि उक्त हेतु छूट चाही गयी है तो इसके लिये पात्रता साबित करने के लिए आवश्यक प्रपत्र/दस्तावेजों की स्वसत्यापित प्रतियो के बिना प्राप्त निवदायें।
3. अपूर्ण निविदायें।
4. भ्रामक अथवा गलत तथ्य/दावे प्रस्तुत करने वाली निविदायें।
5. खराब कार्य यथा किसी अनुबन्ध को बीच में छोडना, कार्यालय में लड़ाई–झगड़ा करना, खराब कार्य हेतु रिकार्ड उपलब्ध होना इत्यादि, अकारण देरी, कार्य/आदेशों की अपालना/देरी (एकाधिक बार), वित्तीय असफलता।
6. विभाग द्वारा चाहे गये स्पष्टीकरण को न प्रदान कर पाना/तय समय से देरी से प्रदान करना।
7. एक से ज्यादा निविदाएं प्रस्तुत करना। ऐसा होने पर फर्म द्वारा भरी गयी समस्त निविदाएं तकनीकी मूल्याकंन में निरस्त की जा सकेंगी।
8. अपूर्ण व सशर्त निविदा प्रस्तुत करनां।
9. तकनीकी अर्हताओं का पूर्ण न कर पाना।
10. निविदादाता अथवा उसके किसी प्रतिनिधि का अवांछित रूप से प्रभाव डालना/डलवाना, विवाद इत्यादि करना , रिश्वत इत्यादि का प्रस्ताव करना अथवा गैर कानूनी रूप से तुष्टीकरण करना।
11. अल्प वैधता वाली निविदा प्रस्तुत करना।
12. वित्तीय बिड प्रपत्र (अध्याय–12) अनुसार अंकित महायोग की दरें अंको व शब्दों दोनों में भरी गयी ही स्वीकार्य होगी। सर्विस चार्ज शून्य भरा गया मान्य नहीं होगा। कटिंग एवं ओवरराइटिंग स्वीकार्य नहीं होगी। कोई भी कॉलम रिक्त नहीं होना चाहिए।

**सहायक निदेशक**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,**
**क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा**

राजस्थान सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय ,छत्र विलास पैलेस डीसीएम रोड, कोटा
दूरभाष : 0744–2363778 e-mail : kotadst@gmail.com

**NIT No. 38/2025-26** **UBN No.** **Dated: 09-03-2026**

# अध्याय 8
# निविदा का मूल्याकंन

निविदा का मूल्याकंन निम्नानुसार होगा : –

